हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
30 मार्च 2025, समय 1305

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि वस्त्र अपशिष्ट यानी टेक्सटाइल वेस्ट की चुनौती पूरी दुनिया के लिए नई चिंता की एक बड़ी वजह बन गया है। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश-विदेश के श्रोताओं के साथ अपने विचार साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि एक प्रतिशत से भी कम टेक्सटाइल वेस्ट को नए कपड़ों में रिसाइकिल किया जाता है। श्री मोदी ने कहा कि भारत दुनिया का ऐसा तीसरा देश है, जहां सबसे ज़्यादा टेक्सटाइल वेस्ट निकलता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पुराने कपड़े जल्द ही छोड़ देने और नए कपड़े खरीदने का चलन दुनियाभर में बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस चुनौती से निपटने के लिए भी देश में कई सराहनीय प्रयास किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने आज से शुरू हुए चैत्र नवरात्रि के अवसर पर पूरे देश को शुभकामनाएं भी दीं। आज से भारतीय नववर्ष भी शुरू हो रहा है। प्रधानमंत्री ने देश के विभिन्न राज्यों में मनाए जा रहे और आगे आने वाले त्योहारों की शुभकामनाएं देते हुए कहा –

प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान सकारात्मक कार्य करने की सलाह दी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह भी कहा कि कई स्कूल भाषण देने की कला अथवा नाटक करना सिखाते हैं, जो बच्चों के बहुत काम आते हैं।

प्रधानमंत्री ने बच्चों और उनके अभिभावकों को उन रचनात्मक गतिविधियों के फ़ोटो साझा करने को भी कहा, जिन में बच्चे भागीदारी करें।

प्रधानमंत्री ने युवाओं श्रोताओं के लिए माई भारत नामक खास कैलेंडर की चर्चा की, जिसे इस वर्ष की गर्मियों की छुट्टी के लिए तैयार किया गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि गर्मी के आते ही शहर-शहर, गांव-गांव पानी बचाने की तैयारी शुरू हो जाती है। उन्होंने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि कई राज्यों में जल संचय से जुड़े कामों में नई तेजी आई है। श्री मोदी ने कहा कि जलशक्ति मंत्रालय और कई अलग-अलग स्वयंसेवी संस्थाएँ इस दिशा में काम कर रही हैं और देश में हज़ारों कृत्रिम तालाब, चेक डैम, बोरवेल रीचार्ज और सामुदायिक सोकपिट का निर्माण हो रहा है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि हर साल की तरह इस बार भी कैच द रेन अभियान के लिए कमर कस ली गई है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए जल संचय--जन भागीदारी अभियान भी चलाया जा रहा है ताकि जो प्राकृतिक संसाधन हमें मिले हैं, उसे हम अगली पीढ़ी तक सही-सलामत पहुंचा सकें। प्रधानमंत्री ने हाल ही में समाप्त हुई खेलो इंडिया पैरा खेलों में खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि इन खेलों में इस बार पहले से ज्यादा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इससे पता चलता है कि पैरा स्पोर्ट्स लोकप्रिय हो रहा है। उन्होंने हरियाणा, तमिलनाडु और उत्तरप्रदेश के खिलाड़ियों को पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल करने के लिए शुभकामनाएँ दीं। श्री मोदी ने कहा कि इन खेलों के दौरान दिव्यांग खिलाड़ियों ने 18 राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाए, जिनमें से 12 रिकॉर्ड महिला खिलाड़ियों के नाम रहे। प्रधानमंत्री ने दिल्ली में पहली बार आयोजित हुए फिट इंडिया कार्यक्रम की चर्चा की, जिसमें अलग-अलग क्षेत्रों के करीब 25 हजार लोगों ने हिस्सा लिया। इसका लक्ष्य फिट रहना और फिटनेस के बारे में लोगों को जागरूकता फैलाना था। श्री मोदी ने लोगों से अपने-अपने क्षेत्रों में ऐसे आयोजन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि माई भारत इसमें बहुत मददगार बन सकता है।

***********************************************************************